दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### बिना ड्राइविंग लाइसेंस शराब के नशे में वाहन चलाते पकड़े गया बाइक चालक, कोर्ट ने दिया 15,000 रुपए का अर्थदंड

**रायगढ़।** सड़क सुरक्षा के मद्देनजर यातायात पुलिस रायगढ़ द्वारा प्रतिदिन शहर एवं आऊटर पर दुपहिया समेत सभी प्रकार के वाहन चेकिंग की जांच की जा रही है। एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा ट्रैफिक पुलिस समेत सभी थाना, चौकी स्टाफ को ब्रेथ एनालाइजर के साथ अनिवार्य रूप से जांच के निर्देश दिये गये है। निर्देशों के अनुपालन में वाहन चालकों के ब्रेथ एनालाइजर से जांच दौरान बाइक के चालक अमित पटनायक पिता सूरज पटनायक उम्र 28 वर्ष निवासी कबीर चौक रायगढ़ को यातायात पुलिस ने बगैर ड्रायविंग लाइसेंस और शराब के नशे में वाहन चलाते पाये जिस पर थाना यातायात में वाहन चालक पर धारा 185 एवं 3/181 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही कर इस्तगासा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपक कुमार कोसले के न्यायालय में पेश किया गया। माननीय न्यायाधीश महोदय द्वारा बाइक चालक के कृत्य पर मोटरयान अधिनियम की धारा 185 में 10,000 एवं बगैर ड्रायविंग लाइसेंस वाहन चलाने पर रु.5000 कुल रु.15000 के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

### बदमाशों पर कसावट : एसएसपी ने 5 और बदमाशों का खोले निगरानी और गुंडा फाइल

**रायगढ़ ।** आगामी चुनाव के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा आदतन बदमाशों की गुंडा फाइल खोली जा रही है, पिछले माह शहर के 08 बदमाशों का गुण्डा फाईल खोला गया था जिससे संबंधित थाने की टीम उन बदमाशों पर सतत निगाह रख सकें ताकि वे आगे किसी प्रकार की अशांति पैदा ना करें। इसी क्रम में आज एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा शहर के थाना चक्रधरनगर क्षेत्र के 01 बदमाश एवं जूटमिल थानाक्षेत्र के 01 बदमाश का गण्डा फाईल खोला गया हैं। वहीं घरघोड़ा थानाक्षेत्र के 02 आदतन बदमाशों की निगरानी फाइल और 01 बदमाश की गुण्डा फाइल खला गया है। विदित हो कि एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा सभी थाना, चौकी प्रभारियों को अपराधिक पृष्ठभूमि वाले बदमाशों की कुंडली खंगालने के निर्देश दे दिये गये थे जिनके निर्देशन पर थानों से बदमाशों की फाइलें एसपी कार्यालय भेजी जा रही है, ऐसे बदमाश जिन पर कई अपराधिक मामले दर्ज हैं जो प्रतिबंधात्मक कार्यवाही पश्चात भी अपराधिक गतिविधियों में लिप्त पाये जा रहे हैं, उनकी निगरानी व गुण्डा फाइल खोली जा रही है।

### धरमजयगढ़ के नवीन छात्रावास में प्रवेश हेतु विद्यार्थी छात्रावास अधीक्षक मनोज कुजूर से कर सकते है संपर्क

**रायगढ़।** सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि छ.ग.शासन आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग मंत्रालय द्वारा जिला-रायगढ़ के विकासखण्ड धरमजयगढ़ में 1 नवीन अन्य पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक 100 सीटर बालक छात्रावास की स्थापना/प्रारंभ करने की स्वीकृति 2023-24 के मुख्य बजट में प्रदान की गई है। उपरोक्त आदेश के परिपालन में छात्रावास अधीक्षक श्रेणी-स पोस्ट मै.आदिवासी बालक छात्रावास, धरमजयगढ़ मनोज कुजूर मोबा.नं. 9713398621 को छात्रावास संचालन हेतु आदेशित किया गया है। उक्त नवीन छात्रावास, प्री.मै.आदिवासी बालक छात्रावास धरमजयगढ़ में संचालित होना है। इच्छुक विद्यार्थी अधीक्षकों से संपर्क कर प्रवेश ले सकते है।

# छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के दूसरे चरण की हुई शुरुआत

- 31 जुलाई तक चलेगी जोन स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताएं
- 8 राजीव युवा मितान क्लब का बनाया गया है एक जोन
- 16 खेलों में हुनर दिखा रहे खिलाड़ी, विजेता किए जायेंगे पुरुस्कृत





**रायगढ़।** हरेली तिहार के दिन शुरू हुए छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक के दूसरे चरण जोन स्तर की शुरूआत 26 जुलाई से जिले में हुई। इसमें 8 राजीव युवा मितान क्लब को मिलाकर 01 जोन बनाया गया है। जोन स्तर की इस प्रतियोगिता का समापन 31 जुलाई को होगा। पहले चरण में राजीव युवा मितान क्लब स्तर की प्रतियोगिता ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में 17 जुलाई से 22 जुलाई तक आयोजित की गई थी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने, खेलों के प्रति जागरूकता फैलाने, खिलाडिय़ों को मंच प्रदान करने और खेल भावना का विकास करने के उद्देश्य से शुरू की गई छत्तीसगढिय़ा जोन स्तर पर शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसार आयोजन करवाने के निर्देश कलेक्टर सिन्हा ने सभी सीईओ जनपद को दिए।

दूसरे चरण में जोन स्तर पर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आयोजित छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक प्रतियोगिता में 08 राजीव युवा मितान क्लब क्षेत्रों का एक जोन बनाया गया है। मुकाबला नॉक आऊट पद्धति से राजीव युवा मितान क्लब के विजेता प्रतिभागी एवं दलों के मध्य होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में विजेता प्रतिभागी एवं दल आयुवार एवं वर्गवार विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में एवं शहरी क्षेत्रों में विजेता प्रतिभागी एवं दल आयुवार एवं वर्गवार नगरीय क्लस्टर स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

राजीव युवा मितान क्लब स्तर एवं जोन स्तर के समापन के बाद तीसरे चरण विकासखंड एवं नगरीय क्लस्टर स्तर पर आयोजन 7 अगस्त से 21 अगस्त तक, चौथे चरण जिला स्तर पर आयोजन 25 अगस्त से 04 सितंबर तक, पांचवे चरण संभाग स्तर पर आयोजन 10 सितंबर से 20 सितंबर तक और अंतिम में राज्य स्तर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जिसका आयोजन 25 सितंबर से 27 सितंबर तक होगा।

**16 खेलों में हुनर दिखा रहे खिलाड़ी-** छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेल प्रतियोगिता दलीय व एकल दो श्रेणी में आयोजित होगी। छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक में दलीय श्रेणी में गिल्ली डंडा, पिट्टूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी और बांटी (कंचा)जैसी खेल विधाएं शामिल की गई हैं। वहीं एकल श्रेणी की खेल विधा में बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद, रस्सी कूद एवं कुश्ती शामिल हैं।

**हर आयु वर्ग के खिलाड़ी ले रहे हिस्सा-** छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक में आयु वर्ग को तीन वर्गों में बांटा गया है। इसमें प्रथम वर्ग 18 वर्ष की आयु तक, दूसरा वर्ग 18-40 वर्ष आयु सीमा तक और तीसरा वर्ग में 40 वर्ष से अधिक उम्र के प्रतिभागी शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष दोनों वर्ग में प्रतिभागी भाग ले सकेंगे।

**विजेता प्रतिभागियों को दिया जाएगा पुरस्कार-** छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक में विकासखंड व नगरीय क्लस्टर स्तर पर विजेता प्रतिभागियों से लेकर राज्य स्तर के विजेता प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। विकासखंड व नगरीय क्लस्टर स्तर प्रथम आने वाले विजेता खिलाडिय़ों को 1000 रूपए, द्वितीय स्थान आने पर 750 रूपए एवं तीसरा स्थान आने पर 500 रूपए की पुरस्कार राशि एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। इसी तरह जिला स्तर पर प्रथम आने वाल विजेता प्रतिभागियों को 2000 रूपए की राशि, द्वितीय आने पर 1500 रूपए और तीसरे स्थान आने पर 1000 रूपए की राशि सहित प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। संभाग स्तर पर विजेता प्रतियोगियों को प्रथम आने पर 3000 रूपए, द्वितीय आने पर 2500 रूपए एवं तीसरे स्थान पाने वाले खिलाडिय़ों को 2000 रूपए एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। राज्य स्तर पर ओलंपिक के अंतिम आयोजन में प्रथम आने वाले प्रतिभागियों को 5000 रूपए, द्वितीय आने पर 4500 रूपए एवं तीसरे स्थान आने वाले खिलाडिय़ों को 4000 रूपए की राशि और प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे।

## कारगिल योद्धा राजपूताना राइफल के हवलदार गुलाबन सिंह ठाकुर का एसएसपी सदानंद कुमार ने किया सम्मान



**रायगढ़।** कारगिल दिवस के अवसर पर पुलिस कार्यालय रायगढ़ में 1999 कारगिल युद्ध में राजपूताना राइफल की ओर से लड़ते हुए पाकिस्तानी सेना को देश की सीमाओं से खदेड़ने वाले जिले के गुलाबन सिंह ठाकुर (सेना का हवलदार) का पुलिस कार्यालय में सम्मान किया गया। एसएसपी सदानंद कुमार समेत वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा गुलाबन सिंह ठाकुर को शाल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ देकर उनका सम्मान कर मिठाई खिलाकर मुंह मिठा कराया गया। 2nd राजपूताना राइफल में हवलदार रहे गुलाबन सिंह ने चर्चा के दौरान कारगिल युद्ध के पलों को पुलिस अधिकारियों के साथ साझा कर बताये कि कैसे उनकी बटालियन की तुकड़ी ने ऊंची पहाड़ियों पर कब्जा किये पाकिस्तान की सेना को पीछे खदेड़ा गया था। सम्मान कार्यक्रम में एडिशनल एसपी संजय महादेवा, सीएसपी अभिनव उपाध्याय, एसडीएम गगन शर्मा, रक्षित निरीक्षक अमित सिंह, थाना प्रभारी कोतवाली शनिप रात्रे, थाना प्रभारी जूटमिल रामकिंकर यादव भी उपस्थित थे। सेना में सेवा दे कर लौटे गुलाबन सिंह ठाकुर वर्तमान में बैंक ऑफ बड़ौदा में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। रायगढ़ के केवड़ाबाड़ी में अपने माता-पिता धर्मपत्नी और 3 बच्चों के साथ निवासरत हैं। गुलाबन सिंह के बच्चे पढ़ाई में होनहार हैं गुलाबन सिंह अपने बच्चों को भी देश सेवा के लिए प्रेरित कर रहा है।

## क्षेत्र में नशीली टेबलेट बेचने वाला युवक घरघोड़ा पुलिस की गिरफ्त में

- आरोपी से 448 नग प्रतिबंधित टेबलेट व मोटर सायकल जब्त



**रायगढ़।** एसएसपी सदानंद कुमार के निर्देशन पर जिला पुलिस नशीली दवाओं की अवैध बिक्री को रोकने मुस्तैद है। जिले के घरघोड़ा, तमनार, पूंजीपथरा क्षेत्र अंतर्गत असमाजिक तत्वों के लुक छिप कर नशीली दवाओं की बिक्री की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को प्राप्त हो रही थी, जिस पर निगाह रख कर लगातार कार्यवाही की जा रही है, गत दिनों पूंजीपथरा पुलिस द्वारा नशीली सिरप बेचने वाले युवक को हिरासत में लेकर एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपी पर कार्यवाही किया गया था।

वहीं थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चंद्रा द्वारा क्षेत्र में नशीली दवाओं की बिक्री पर कार्यवाही के लिए एडिशनल एसपी संजय महादेवा एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर मुखबिर सक्रिय कर सूचनाएं ली जा ही है। इसी क्रम में कल रात्रि थाना प्रभारी घरघोड़ा को मुखबिर ने मोटर सायकल बजाज सीटी 100 में एक युवक के बहिरकेला रोड़ की ओर से नशीली टेबलेट लेकर नवागढ की ओर बिक्री करने ले जाने की सूचना दिया जिसकी तस्दीकी एवं कार्यवाही के लिये थाना प्रभारी ने मुख्य मार्ग के अतिरिक्त अंदरूनी रास्तों पर संदेही मोटर सायकल चालक पर निगाह रखने स्टाफ तैनात किया गया। पुलिस टीम द्वारा ग्राम नवागढ हनुमान मंदिर के पास मेन रोड में नाकाबंदी कर मुखबीर के बताये अनुसार बजाज सीटी 100 रंग गोल्डन काई रंग मोटर सायकल क्रमांक सीजी 29 एसी 7411 में सवार युवक को पकड़े। युवक ने अपना नाम विकास महंत पिता बाबू लाल महंत उम्र 21 वर्ष सा. नवागढ थाना घरघोडा जिला रायगढ़ बताया जिसके पास SxxxxMO PxxxxxxON PLUS 385 MG ट्रेबलेट काफी मात्रा में मिला जिसके संबंध में संदेही युवक को संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाया। आरोपी विकास महंत द्वारा प्रतिबंधित टेबलेट की अवैध बिक्री के पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर आरोपी के कब्जे से कुल 448 नग टेबलेट एवं मोटर सायकल बजाज सीटी 100 क्रमांक सीजी 29 एसी 7411 जप्त कर थाना घरघोड़ा में 22 (B) NDPS Act की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चंद्रा, उप निरीक्षक करमू साय पैंकरा, प्रधान आरक्षक राजेश उरांव, आरक्षक उद्यो पटेल, भानू चन्द्रा, प्रहलाद भगत की अहम भूमिका रही है। एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा सभी प्रभारियों को क्षेत्र में नशीली दवाओं के सप्लायर से आगे पूरे नेटवर्क की जांच पड़ताल कर कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।

## रोजगार मेला सप्ताह : तीसरे दिन 50 युवाओं को मिला जॉब लेटर

- गैर तकनीकी क्षेत्र के विभिन्न पदों पर आज हुई भर्ती
- युवाओं के चेहरे पर दिखी खुशी, इंटरव्यू देने आए युवाओं ने जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना
- कलेक्टर सिन्हा की विशेष पहल पर रोजगार मेला सप्ताह का हो रहा आयोजन
- 28 जुलाई तक चलेगा रोजगार मेला सप्ताह



**रायगढ़।** रोजगार मेला सप्ताह के दौरान आज तीसरे दिन फिर से 50 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए। इससे पहले आयोजित रोजगार मेलो में बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं को निजी क्षेत्र के उद्योगों में नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं। रोजगार प्राप्त करने के लिए इंटरव्यू देने आए युवाओं के चेहरे पर एक अलग खुशी नजर आ रही है। क्योंकि उनकी योग्यता एवं रूचि अनुसार यहां जॉब प्राप्त हो रही है। रोजगार मेले में शामिल हुए अभ्यर्थियों ने जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना की।

रोजगार मेला सप्ताह स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की एक विशेष पहल है। रोजगार मेला सप्ताह के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा लगातार जिले के शिक्षित युवाओं को स्थानीय उद्योगों में अधिक से अधिक नौकरी देने के उद्देश्य के साथ कार्य किया जा रहा है। यह सिलसिला यहां यूं ही नहीं रूका जिला मुख्यालय के साथ जिले के अन्य ब्लाक में भी रोजगार मेले का आयोजन किया गया और वहां के युवाओं को वहीं मौके पर उनकी योग्यतानुसार विभिन्न क्षेत्र के उद्योगों में नौकरियां प्राप्त हुई।

जिला रोजगार अधिकारी रामजीत राम ने बताया कि जिला प्रशासन की पहल से रोजगार मितान पोर्टल में पंजीकृत आवेदकों के लिए 28 जुलाई 2023 तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्रए रायगढ़ में रोजगार मेला सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए जिले के विभिन्न कंपनियों से उनकी रिक्तियों की जानकारी लेकर विस्तृत कार्ययोजना बनायी गयी। आवेदकों की सुविधा अनुसार विभिन्न श्रेणियों की जॉब में भर्ती के लिए अलग-अलग दिन निर्धारित किए गए है।

विकास खंड पुसौर के ग्राम-टिनमिनी निवासी राकेश भोयर ने बताया कि वॉट्सअप ग्रुप के माध्यम से उन्हें रोजगार मेला की जानकारी मिली। वे कंप्यूटर ऑपरेटर, ऑफिस अस्सिटेंट के पद के लिए इंटरव्यू देने आए हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा अच्छा प्रयास हैं, जिसके माध्यम से एक जगह पर कई संस्थान उपस्थित हैं। इसी प्रकार विकास खंड सरिया के लुकापारा निवासी ने बताया कि इंटरनेट एवं रायगढ़ रोजगार मितान पोर्टल के माध्यम से रोजगार मेले की जानकारी मिली। उन्होंने बताया की वे माइक्रो फाइनेंस से संबंधित जॉब के लिए आए हैं। इसी प्रकार सरिया के शुभम स्वर्णकार ने भी युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने आयोजित रोजगार मेले की सराहना की। उन्होंने कहा कि रोजगार मेला से युवाओं को रोजगार ढूढने में मदद मिल रही हैं।

**27 जुलाई को इन पदों पर होगी भर्ती-** रोजगार मेला सप्ताह के दौरान 27 जुलाई को गैर तकनीकी पदों पर भर्तियां की जायेंगी। रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार सेफ इंटेलिजेन्स भिलाई में सिक्यूरिटी गार्ड (मेल), सिक्युरिटी सुपरवाईजर एवं लेबर के पद शामिल हैं।

## वाहनों की सघन जांच के साथ वाहनों की गति नियंत्रण के लिए मुख्य मार्गों में लगाए जा रहे गति नियंत्रण बोर्ड



**रायगढ़।** सड़क दुर्घटना में कमी लाने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर प्रतिदिन हाईवे एवं आउटर मार्गों में पुलिस की टीमों द्वारा नियमित रूप से वाहन चालकों की जांच एवं कार्यवाही की जा रही है। गत दिनों थाना घरघोड़ा क्षेत्र में ट्रेलर और स्कूल बस में हुई दुर्घटना को गंभीरता से लेते हुए सड़क सुरक्षा समिति द्वारा जन प्रतिनिधियों के साथ एसईसीएल प्रबंधन, ट्रांसपोर्ट यूनियन, पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त बैठक लेकर रूप से कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में तेज रफ्तार चल रही वाहनों की गति में अंकुश लगाने के उद्देश्य से आज एसईसीएल कंपनी के सहयोग से दुर्घटनाजनित चिन्हांकित क्षेत्रों में गति नियंत्रण हेतु संकेतक बोर्ड लगाए जाने का कार्य प्रारंभ किया गया है। आज घरघोड़ा से जामगांव तक मुख्य मार्ग पर गति संकेतक बोर्ड लगाए गए हैं। साथ ही घरघोड़ा पुलिस द्वारा नियमित रूप से भारी वाहनों के चालकों का ब्रेथ एनालाइजर से जांच एवं मोटरयान अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है।

## विदेश निर्यात किए जाने वाले उत्पादों के लिए डाकघर निर्यात केन्द्र का हुआ शुभारंभ

- पार्सल पैकेजिंग के साथ-साथ ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध



**रायगढ़।** डाक विभाग द्वारा व्यापारियों के लिए अपने द्वारा निर्मित एवं विदेश निर्यात किये जाने वाले उत्पाद के लिए डाक घर निर्यात केंद्र चरण बद्ध तरीके से हर जिला मुख्यालय में खोला जा रहा है। इसी कड़ी 30 जून 2023 को रायगढ़ जिला के अंतर्गत रायगढ़ प्रधान डाकघर में डाक घर निर्यात केंद्र प्रारंभ हो चुका है एवं जशपुरनगर जिला के अंतर्गत डाक घर निर्यात केंद्र इसी सप्ताह खोला जाना प्रस्तावित है। उक्त डाक घर निर्यात केन्द्रों में व्यापारियों को पार्सल पैकेजिंग के साथ-साथ ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध है। जिसमें व्यापारी स्वयं का पंजीकरण आवश्यक दस्तावेजों एवं एक्सपोर्ट कोड एवं जीएसटी की जानकारी के साथ कर सकते हैं। इसके माध्यम से व्यापारी कस्टम विभाग द्वारा मांगे जाने वाली जानकारी एवं अन्य दस्तावेज ऑनलाइन उपलब्ध कर सकते हैं। यह सुविधा उत्पादों की कस्टम क्लीयरेंस प्रक्रिया को सरल बनाती है। सीमा शुल्क से संबंधित कोई समस्या होने पर उस मामले को ऑनलाइन सुलझाया जाता है। कारोबारी उसे ऑनलाइन देखकर उसका समाधान कर सकते हैं और आवश्यक दस्तावेज जमा कर सकते हैं। डाक विभाग सभी व्यापारियों से जो विदेश में अपना उत्पाद भेजते हैं या भेजना चाहते हैं आग्रह किया है कि वे इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठावें एवं आज ही अपने जिला मुख्यालय में स्थित डाक घर निर्यात केंद्र में संपर्क करें।

## मारपीट मामले में धरमजयगढ़ पुलिस ने 5 आरोपियों को किया गिरफ्तार

- आरोपियों में दो विधि के साथ संघर्षरत बालक भी शामिल



**रायगढ़।** धरमजयगढ़ के सुखामुड़ा तालाब के पास युवकों के बीच हुई मारपीट मामले में धरमजयगढ़ पुलिस ने कल आरोपित 3 युवकों और 2 विधि के साथ संघर्षरत बालकों को हिरासत में लिया गया जिनसे घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, लोहे का पंच, पत्थर के टुकड़ों की जब्ती की गई है। धरमजयगढ़ थाने में आरोपियों पर हत्या का प्रयास का मामला किया गया था। जानकारी के मुताबिक 18 जुलाई को सिविल अस्पताल धर्मजयगढ़ से थाना धरमजयगढ़ में ग्राम केकरानारा निवासी बालक सिंह पंडो (आहत) के संबंध में अस्पताली तहरीर जांच के लिये प्राप्त हुआ। अस्पताली तहरीर की जांच चौकी प्रभारी रैरूमाखुर्द उपनिरीक्षक मान कुमार सिदार द्वारा की गई। आहत बालक सिंह पंडो ने अपने बयान में बताया कि 17 जुलाई को छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम धौराखोल गये थे जहां से रात्रि लौटते समय ग्राम सोखामुडा तालाब के पास धौराखोल के कुछ लड़के गांव की लड़की से छेड़खानी किये हो कहकर धारदार वस्तु , हाथ मुक्का एवं डंडा से झगड़ा मारपीट किये। घटना में बालक पंडो को गंभीर चोटें आयी थी। मेडिकल रिपोर्ट, बयान पर थाना धरमजयगढ़ में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध हत्या का प्रयास का मामला दर्ज किया गया था।

अपराध विवेचना में मारपीट में ग्राम कमतरा के हरि बैगा और उसके साथियों के संलिप्त होने की जानकारी मिली जो सभी युवक अपराध पंजीबद्ध होने की जानकारी उपरांत गांव से फरार थे। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक अमित तिवारी के नेतृत्व में टीम बनाकर दबिश दिया जा रहा था। आरोपियों के सरहदी इलाके में छिपे होने की जानकारी पर पुलिस टीम द्वारा आज आरोपी (1) हरि शंकर बैगा पिता भुवनेश्वर बैगा उम्र 19 साल (2) रूप सिंह बैगा पिता धनीराम बैगा उम्र 22 साल (3) पुरुषोत्तम बैगा पिता नोहर साय बैगा उम्र 18 साल निवासी कमतरा थाना घरघोड़ा जिला रायगढ़ एवं 02 अपचारी बालकों को हिरासत में लिया गया जिनसे पूछताछ में घटना में प्रयुक्त हथियार और मोटर सायकल की जप्ती की गई है। आरोपियों को आज रिमांड बाद जेल दाखिल किया गया है। आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित तिवारी, उप निरीक्षक नंद कुमार पैंकरा, उप निरीक्षक मान कुंवर सिदार एवं हमराह स्टाफ की प्रमुख भूमिका रही है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480